Request to send advisory to all mobile phone companies to reduce the calling rate of mobile phones

श्री गणेश सिंह (सतना) **:** सभापति महोदया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय सदन में रखने का अवसर दिया ।

महोदया, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान आज की सबसे बडी जरूरत मोबाईल फोन की ओर दिलाना चाहता हूँ । आज दुनिया में मोबाईल फोन सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला गैजेट है, मोबाईल फोन गांव-गांव, हर घर, प्रत्येक व्यक्ति बच्चे से लेकर बड़े-बूढ़ों तक इसका उपयोग किया जाता है और वाकई में यह बहुत उपयोगी भी है । अब तो शासकीय, निजी दस्तावेजों में मोबाईल नंबर अनिवार्य कर दिया गया है तथा शासन की अधिकांशतः हितग्राही योजनाओं का लाभ मोबाइल नम्बर के माध्यम से दिया जाता है ।

महोदया, मोबाइल फोन की कॉलिंग दर दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, जिस कारण ग्रामीणजन रिचार्ज की बजाय नया सिम ले लेते हैं, क्योंकि मोबाईल कम्पनियां शुरूआत में तो दो-तीन महीने तक फ्री ऑफर देती हैं और फिर रिचार्ज के माध्यम से वसूलती हैं । कोई भी रिचार्ज पूरे महीने का न होकर 28 दिन, 24 दिन या उससे भी कम दिनों का होता है । रिचार्ज न करने पर नम्बर बंद कर दिया जाता है, इसलिये नया सिम लेना लोगों की मजबूरी हो जाती है । हितग्राहियों के नम्बर बदलने के कारण वे सरकार की योजनाओं से वंचित हो रहे हैं ।

मैं आपके माध्यम से माननीय संचार मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि मोबाइल फोन की कॉलिंग दर को सस्ता किये जाने के लिए सभी कम्पनियों को एडवाइज़री भेजें । यह बहुत जरूरी है, क्योंकि यह जनहित का मामला है । धन्यवाद ।